न्यायालय जिला कलक्टर, झुंझुनूं

पीठासीन अधिकारीः—डॉ0 अरूण गर्ग
आई.ए.एस.

प्रथम अपील संख्याः— 40/2026

श्री ओमप्रकाश, फ्लेट नं0 ई 602, आशादीप वेदान्ता अक्षयपात्र टू गोनेर रोड जगतपुरा, पी0ओ0 मालवीय नगर, जयपुर, पिन कोड 302017, मो0 नं0 9414304061

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं।

——

सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील

——

आदेश

दिनांक 25.02.2026

1. पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी (अपीलार्थी) द्वारा यह प्रथम अपील प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 06.02.2026 को इस न्यायालय में प्राप्त होने पर प्रथम अपील मिसल नम्बर 40/2026 पर दिनांक 06.02.2026 को दर्ज की गई। अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं के विरूद्व पेश की गई है।
2. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं को प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में वर्णित सूचना चाही गई।
3. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं से इस कार्यालय के पत्रांक पाठक/2025/ 359—360 दिनांक 06.02.2026 द्वारा तथ्यात्मक टिप्पणी चाही गयी थी।
4. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं ने पत्रांक एफ 16(4)(5)न्याय /सू0अ0 /2026/205 दिनांक 10.02.2026 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी श्री ओमप्रकाश, फ्लेट नं0 ई 602, आशादीप वेदान्ता अक्षयपात्र टू गोनेर रोड जगतपुरा, पी0ओ0 मालवीय नगर, जयपुर का आवेदन पत्र 10.12.2025 को इस कार्यालय मे प्राप्त हुआ है। अपीलार्थी द्वारा चाही गई उक्त सूचना के संबंध मे इस कार्यालय के पत्र कमांक एफ 16(4)(5) न्याय/सू0अ0/2025/392 दिनांक 23.12.2025 के द्वारा प्रभारी अधिकारी, भू—अभिलेख अनुभाग, कलेक्ट्रेट, झुंझुनूं को नियमानुसार प्रार्थी को सूचना उपलब्ध करवाये जाने हेतु पत्र लिखा गया है जो भू—अभिलेख अनुभाग, कलेक्ट्रेट, झुंझुनूं से संबंधित नही होने के कारण उनके पत्र कमांक 290 दिनांक 28.01.2026 के द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित कर दिया गया। तत्पश्चात् इस कार्यालय के पत्र कमांक 75 दिनांक 03.02.2026 के द्वारा प्रभारी अधिकारी, राजस्व अनुभाग को नियमानुसार प्रार्थी को सूचना उपलब्ध करवाये जाने हेतु लिखा गया। उक्त कम मे प्रभारी अधिकारी, राजस्व अनिुभाग, कलेक्ट्रेट, झुंझुनूं के पत्र कमांक 450 दिनांक 09.02.2026 के द्वारा अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी है। अतः अपीलार्थी का प्रथम अपील का प्रार्थना पत्र खारीज किये जाने की कृपा करे।
5. अपीलार्थी सुनवाई हेतु उपस्थित नही।
6. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं ने पत्रांक एफ 16(4)(5)न्याय /सू0अ0 /2026/205 दिनांक 10.02.2026 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी श्री ओमप्रकाश, फ्लेट नं0 ई 602, आशादीप वेदान्ता अक्षयपात्र टू गोनेर रोड जगतपुरा, पी0ओ0 मालवीय नगर, जयपुर का आवेदन पत्र 10.12.2025 को उनके कार्यालय मे प्राप्त हुआ है। अपीलार्थी द्वारा चाही गई उक्त सूचना के संबंध मे उनके कार्यालय के पत्र

जिला कलक्टर झुन्झुनूं

कमांक एफ 16(4)(5) न्याय/सू0अ0/2025/392 दिनांक 23.12.2025 के द्वारा प्रभारी अधिकारी, भू–अभिलेख अनुभाग, कलेक्ट्रेट, झुंझुनूं को नियमानुसार प्रार्थी को सूचना उपलब्ध करवाये जाने हेतु पत्र लिखा गया है जो भू–अभिलेख अनुभाग, कलेक्ट्रेट, झुंझुनूं से संबंधित नही होने के कारण उनके पत्र कमांक 290 दिनांक 28.01.2026 के द्वारा उनके कार्यालय को प्रेषित कर दिया गया। तत्पश्चात् उनके कार्यालय के पत्र कमांक 75 दिनांक 03.02.2026 के द्वारा प्रभारी अधिकारी, राजस्व अनुभाग को नियमानुसार प्रार्थी को सूचना उपलब्ध करवाये जाने हेतु लिखा गया। उक्त कम मे प्रभारी अधिकारी, राजस्व अनिुभाग, कलेक्ट्रेट, झुंझुनूं के पत्र कमांक 450 दिनांक 09.02.2026 के द्वारा अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी है। चूंकि अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी है। अतः अपीलार्थी का अपील प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य नही होने से खारीज किया जाता है।

7. अपीलार्थी को यह भी सूचित किया जाता है कि आप इसकी द्वितीय अपील माननीय राज्य सूचना आयोग जयपुर के यहां निर्धारित समयावधि में कर सकते है।

आदेश आज दिनांक 25.02.2026 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(डॉ0 अरूण गर्ग)
जिला कलक्टर, झुंझुनूं